सत्यमेव जयते

Goverment Of India

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

## के अध्यक्ष माननीय श्री अंतरसिंह आर्य द्वारा महाराष्ट्र राज्य के धुले जिले का दौरा एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक प्रतिवेदन

**दिनांक: 10 से 11 सितम्बर, 2024**




छठी मंजिल, लोकनायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली -110003

6th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi-110003

Tel.: 011-24623958 Fax: 011-24624628 Email: chairperson@ncst.nic.in

<u>**अनुक्रमणिका**</u>


| **स.क्र.** | **विषय** | **स्थान** | **पृष्ठक्र.** |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रस्तावना** | | 3 |
| 2. | आंगनवाड़ी केन्द्र | सांगवी, शिरपुर | 4 |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | सांगवी, शिरपुर | 4 |
| 4. | आर.सी.पटेल अनुदानित प्राथमिक आश्रमशाला, | असली, शिरपुर | 5 |
| 5. | वन रक्षा समिति, वन अधिकार हितग्राही एवं पेसा समिति से चर्चा | कलेक्टर कार्यालय सभागार | 5 |
| 6. | शासकीय जनजातीय बालिका छात्रावास | साक्री | 8 |
| 7. | जिला स्तरीय समीक्षा बैठकविवरण | कलेक्टर कार्यालय सभागार | 10 |

## मानननीय श्रीअंतरसिंह आर्य, अध्यक्ष,राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 10 एवं 11 सितम्बर, 2024 को महाराष्ट्र राज्य के धुले जिले का दौरा एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की रिपोर्ट

### 1. प्रस्तावना

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नईदिल्ली के वायरलेस संदेश क्रं TP/CP/NCST/2024 दिनांक 03-09-2024 के क्रम में श्री अंतरसिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नेतृत्व में एक दल ने दिनांक 10 से 11 सितम्बर 2024 को महाराष्ट्र राज्य के धुले जिले का दौरा किया, जिसमें आयोग से श्री राजीव सक्सेना, माननीय अध्यक्ष के निज सचिव, श्री अंकित कुमार सेन, अनुसंधान अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, श्री गोवर्धन मुण्डे, वरिष्ठ अन्वेषक एवं श्री अमृत प्रजापति, सलाहकार ने सहभागिता की।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा धुले जिले के दौरे के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुदानित आश्रमशाला एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर कार्यालय में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं आयोग के दल का स्वागत किया गया। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में पेसा समिति सदस्यों एवं वनाधिकार हितग्राहियों से विस्तृत रुप से चर्चा की गई।



## धुलेजिले में माननीय अध्यक्ष महोदय के दौरे का विस्तृत विवरण

**2. आंगनवाड़ीकेन्द्र सांगवी, शिरपुर**

आयोग के माननीय अध्यक्षने दिनांक 10/09/2024 को धुले जिले की शिरपुर तालुका के सांगवी में आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया।आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं उपस्थित बच्चों से चर्चा कर आंगनवाड़ी केन्द्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि केन्द्र में 56 बच्चें तथा 16 गर्भवती महिलाओं के नाम दर्ज हैं, जिन्हें पूरक पोषण आहार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाता है। माननीय अध्यक्ष महोदय ने आंगनवाड़ी को बेहतर बनाने के लिए कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश भी दिये।

**3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सांगवी, शिरपुर**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सांगवी में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 3 वर्षों से एक मात्र डॉक्टर ही पदस्थ है, जिस कारण इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिकल ऑफिसर का पद रिक्त है तथा वार्ड बाय के 4 में से 3 पद रिक्त हैं।



## 4. आर.सी.पटेल अनुदानित प्राथमिक आश्रमशाला,असली, ता. शिरपुर




माननीय अध्यक्ष महोदय नेधुले जिले के शिरपुर तालुका के असली में स्थित आर. सी. पटेल अनुदानित प्राथमिक आश्रमशाला का निरीक्षण किया, जो शिरपुर एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित होता है।माननीय अध्यक्ष महोदय ने छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक कक्षों, रसोईघर, छात्रावास एवं आश्रमशाला के परिसर का निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा की। अध्यक्ष महोदय द्वारा आश्रमशाला की व्यवस्थाओं की सराहना की गई तथा कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था सभी आश्रमशालाओं में की जानी चाहिए।

## 5. वन रक्षा समिति, वन अधिकार हितग्राही एवं पेसा समिति से चर्चा





माननीय अध्यक्ष महोदय ने धुले के कलेक्टर कार्यालय के सभागारमेंआयोजित संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों के साथ-साथ जनजातीय समुदाय के लोगों से संवाद किया। कार्यक्रम में धुले जिले के वन

रक्षा समिति, वन अधिकार हितग्राही एवं पेसा समिति के सदस्यों के साथ-साथ कई जनजातीय युवाओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री गोवर्धन मुण्डे, वरिष्ठ अन्वेषक द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं आयोग के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने निम्न बिन्दुओं पर अपने मुद्दें माननीय अध्यक्ष के समक्ष रखे:



- पलासनेर के सरपंच शीतल ने बताया कि क्षेत्र के जनजातीय समुदाय रोजगार प्राप्त करने के लिए पलायन करने के लिए लिए चले जाते है। इसके निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था होनी चाहिए।
- जबरसिंह ने कहा कि जो भूमि आदिवासी के कब्जे में है, उस भूमि का अधिकार कब्जेदारी किसानों को मिलना चाहिए।
- मनीलालने बताया कि जिन ग्रामों में सड़कें अधूरी है, उन्हें पूरा किया जाना चाहिए जिससे कि ग्रामीणों को असुविधा ना हो।
- बैठक में वन विभाग से संबंधित समस्या बताते हुए कहा गया कि वन विभाग वन क्षेत्र में रास्ता निकालने के लिए तथा बिजली हेतु लाईट के खंबे लगाने के लिए रोकते हैं तथा आदिवासियों को सहयोग प्रदान नहीं करते हैं।
- जिला पंचायत सदस्य अनीता रतन पावरा ने बताया कि 10 से 13 पाड़ा में पानी लाने के लिए आदिवासियों को 10 कि.मी. दूर घूमकर जाना पड़ता है, लेकिन फतेहपुर वन क्षेत्र के अधिकारी मार्ग नहीं देते हैं।
- जयदंत, जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिरपुर तालुका के पेसा ग्रामों में ग्राम सभा द्वारा पारित आदेशों को सरकार द्वारा मान्य नहीं किया जाता है।

- बैठक में सुझाव दिया गया कि शासन द्वारा किसी भी परियोजना के लिए जब आदिवासियों की जमीन अधिगृहितकी जाती है तो उसका मुआवजा रेडी रैकनर दर से अधिक होना चाहिए।
- वन अधिकार के अन्तर्गत कई आदिवासी 3 पीढ़ीयों से जिस भूमि पर खेती करते आ रहे है, उस भूमि के अधिकार पत्र के लिए भी उनके वनाधिकार के दावें अमान्य कर दिये जाते हैं।
- वन भूमि पर सड़क मार्ग न होने के कारण कई आदिवासियों को आने-जाने के लिए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
- बैठक में सुझाव दिया गया कि जाति प्रमाण-पत्र के लिए क्षेत्र के आदिवासियों को जिला स्तर पर कई चक्कर लगाने पड़ते है।इस हेतु प्रशासन को इसकी व्यवस्था विद्यालय स्तर पर करनी चाहिए, जिससे कि विद्यालय ही कागजी कार्रवाई पूरी करके जाति प्रमाण-पत्र बनाना सुनिश्चित करें।
- बैठक में कहा गया कि आदिवासियों के लिए कृषि ही आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। इस हेतु भूमि का पट्टा हेतु प्रशासन को आदिवासियों की सहायता करनी चाहिए।

## 6. <u>शासकीय जनजातीय बालिका छात्रावास (शासकीय आदिवासी मुलींचे वसगीगृह), साक्री</u>



आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने जिले के साक्री तालुका में स्थित शासकीय बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास में 200 छात्रायें निवास करती हैं। छात्रावास के कर्मचारियों ने जानकारी दी कि यहां विद्यालय जाने वाली

बालिकाओं के साथ-साथ कॉलेज जाने वाली बालिकाऐं भी निवास करती हैं। माननीय अध्यक्ष नेभ्रमण के दौरान छात्रावास के रसोईघर, भोजन कक्ष, शौचालय का निरीक्षण किया। चर्चा के दौरान छात्राओं ने बताया कि परिसर की सफाई के लिए महिलाकर्मी नहीं है, स्वच्छ पानी पीने के लिए आरओ नहीं है, सैनेट्री पेड के डिस्पोजल के लिए मशीन नहीं है, पढ़ाई हेतु लाईब्रेरी में टेबल कुर्सी उपलब्ध नहीं है। बालिकाओं ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर जो 4000 डीबीटी की राशि दी जाती है, वह आज के समय में कम है तथा कई वर्षो ने राशि नहीं बढ़ाई गई है। सभी छात्राओं ने कहा यह राशि बढ़ाई जानी चाहिए। माननीय अध्यक्ष ने चर्चा के उपरांत छात्रावास के नये भवन का भी निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।




## 7. जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का विवरण

**दिनांक 11-09-2024 को दिन में 11:30 बजे जिला कलेक्टर,धुले एवं अन्य अधिकारियों के साथ अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा बैठक:**




माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 11-09-2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की गई जिसमें जिला-कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,परियोजना अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सम्मिलित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट "क" में संलग्न है।

बैठक के प्रारंभ में श्री जितेन्द्र पापलकर, जिला-कलेक्टर ने आयोग के दल का स्वागत किया। तदुपरांत, श्री अंकित कुमार सेन, अनुसंधान अधिकारी द्वारा आयोग के गठन, कार्य शक्तियों तथा आयोग के माननीय अध्यक्ष के बारे में जानकारी प्रदान की गई। आयोग द्वारा दी गई प्रश्नावली के उत्तर में जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर निम्नानुसार चर्चा की गई और आयोग द्वारा अनुशंसाएं की गईं :-

**जिले की सामान्य जानकारी**

धुले जिले की सीमा गुजरात और मध्यप्रदेश राज्य से मिलती है तथा जिले में कुल 4 तालुका (धुले, शिंदखेड़ा, साक्री और शिरपुर) हैं। जिले के शिरपुर एवं साक्री तालुका जनजातीय बहुल हैं। जिले में 31.56 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति जनसंख्याहै।

**तथ्यात्मक जानकारी:**

- **जनसंख्या**: वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार धुलेजिले की कुल जनसंख्या 20.50 लाख है, जिसमें से अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 6.47 लाख (31.56%) है। जिले में कुल 678 गांव तथा 557 ग्राम पंचायतें हैं, इनमें से 173 पंचायतें जनजातीय उपयोजना में तथा 169 पंचायतें पेसा ग्राम पंचायतें हैं।
- **शिक्षा:** जिले की कुल साक्षरता दर 72.80% है, जिसमें से अनुसूचित जनजाति की साक्षरता दर 49.91% (पुरुष में 58.11% तथा महिलाओं में 41.49%) है। जिले में कुल 1105 विद्यालय जिला परिषद द्वारा संचालित होते हैंतथा 731 विद्यालय जनजातीय क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में 22 शासकीय आश्रम विद्यालय, 34 अनुदानित आश्रम विद्यालय तथा 2 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय है जिनका भवन निर्माणाधीन होने के कारण किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं।

शिक्षा के दिए गये आकडों के अवलोकन से आयोग द्वारा पाया गया कि जिले में महिला एवं पुरुष की साक्षरता दर में 16.92 प्रतिशत का अंतर है।इसके संबंध में प्रश्न के जवाब में प्रशासन द्वारा बताया गया कि जनजातीय क्षेत्रों में निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालय न होने, माध्यमिक स्तर

के बच्चों का अपने माता-पिता के साथ पलायन करने तथा हाईस्कूल स्तर पर छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति इस अंतर के प्रमुख कारण हैं।

बैठक में उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार समाज कल्याण के 76 छात्रावास बालकों के लिए तथा 25 छात्रावास बालिकाओं के लिए संचालित किये जा रहे हैं जिनमें पढनें वाले बालकों की संख्या 3726 तथा बालिकाओं की संख्या 920 है। **बालक एवं बालिकाओं के लिए आवंटित स्थानों में 2806 का अंतर है।** आयोगद्वारा कहा गया कि इस अंतर को दूर करने के लिए सीटों में वृद्धि होनी चाहिए।इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में और छात्रावासखोलने का प्रस्ताव आदिवासी विकास विभाग महाराष्ट्र शासन को भेजे, जिससे की सीटों में वृद्धि हो सके। माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा जाये।

- **कृषि विभाग:** कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी में बताया कि जिले में अनुसूचित जनजातीय भूमिधारक कृषकों की कुल संख्या 77683 हैं, इनमें से 63360 कृषकों के पास निजी भूमि हैतथा 14323 कृषकों के पास वनाधिकार के तहत प्रदान किये गये पट्टे हैं।

बैठक में आयोग द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण इकाईस्थापित की जा सकती है जिससे किसानों एवं अन्य लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त जिले में बागवानी विकास के लिए नई योजनाएं बनाई जानी चाहिए।आयोग द्वारा सुझाव दिया गया कि समीपवर्ती जिलें मिलकर TRIFED से संपर्क करके उनको एक प्रपोजल भेजे जिससे कि वह सीधे जनजातीय कृषकों से जुड़ सके

और वनोत्पादों से जनजातीय लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार सृजन किया जा सके।

- **वनाधिकार अधिनियम:** वनाधिकार अधिनियम के तहत प्रदत्त जानकारी में बताया गया कि जिले में व्यक्तिगत वनाधिकार के ग्राम सभा स्तर पर 28565 दावें प्राप्त हुए हैं, जिन्हें ग्राम सभा द्वारा मान्य करके तहसील स्तर पर भेजा गया है।इनमे से 15452 दावें तहसील स्तर पर मान्यकरके जिला स्तर पर भेजे गए है तथा 12774 दावें अमान्यकिये गए हैं। जिला स्तर पर 14323 मान्य कर स्वीकृत किये गए हैं तथा 1071 अमान्य किये गए हैं। 13 दावें जिला स्तर पर लंबित हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा इतनी अधिक संख्या में दावों को अमान्य करने का कारण पूछा गया तथा इनकी पुनः जांच करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर द्वारा माननीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि अमान्य किये गये दावों में वांछनीय दस्तावेजों की कमी थी तथा आश्वासन दिया कि अमान्य दावों को पुन: जांच करवाई जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि 2477 लोगों ने व्यक्तिगत दावों के लिए अपील की है, जिनमें से 414 लोगों को 844.18 हैक्टेअर वन भूमि का पट्टा दिया गया है।

सामुदायिक वन अधिकार की जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि जिले में 345 दावें ग्राम स्तर पर प्राप्त हुए हैं, उनमें से सभी मान्य करके तहसील स्तर पर भेजे गये तथा तहसील स्तर पर 345 में से 324 दावें मान्य किये गये, 21 दावें अमान्य तथा 18 दावें लंबित हैं। जिला स्तर पर प्राप्त 324 दावों में से 265 को मान्य किया,59 दावें अमान्य किये तथा 2 दावें लंबित हैं। सामुदायिक वन अधिकार के तहत कुल 15973.6 हैक्टेअर की भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है।

मानननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला प्रशासन को दिए गए निर्देशों में कहा गया कि जिले में वनधन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए तथा वन क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना चाहिए।

- **रोजगार एवं कौशल विकास:** बैठक में जिले में रोजगार से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई जिसमें बताया गया कि जिले में 279 कुशल श्रमिक, 62 अकुशल श्रमिक, 69 कला स्नातक, 58 विज्ञान स्नातक तथा 83 तकनीकी रुप से योग्य होकर कुल 551 व्यक्ति बेरोजगार सूची में दर्ज है।

  बैठक में जानकारी प्रदान की गई कि जिले में अनुसूचित जनजाति व्यक्तियों के रोजगार हेतु 102 प्रकरण 'प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना' के तहत स्वीकृत किये गये हैं, 211 प्रकरण 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना'के अंतर्गत तथा 3679 प्रकरण मुद्रा लोन के तहत स्वीकृत किये गये हैं।

- **स्वास्थ्य विभाग:** बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई जिसमें बताया कि नवाचार कार्यक्रम के तहत जिले में प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता हैजिससे मातृ मृत्युदर को कम करने में मदद मिली है। जनजातीय क्षेत्रों तथा छात्रावासों में एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम जाकर स्वास्थ्य जांच करती है तथा पोषण युक्त आहार का भी वितरण करती है।

  बैठक में बताया गया कि जिले में जनजातीय क्षेत्र में 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 91 उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं। जिले में वर्ष 2023-24 में सिकल सेल से ग्रसित अनुसूचित जनजाति मरीजों की कुल संख्या 97 एवं वर्ष 2024-25 में 32 हैं।

- **जल जीवन मिशन:**प्रशासन द्वारा बैठक में बताया गया कि जिले के साक्री और शिरपुर तालुका में कुल 202 जनजातीय उप-योजना के तहत आने वाले ग्राम है जिनमें जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक जल पहुंचाने की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत 40 गांवों में नल जल योजना के तहत कार्य पूर्ण कर लिए हैं तथा 145 गांवों में कार्य प्रगति पर है।

  माननीय अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गए कि जो कार्य अभी तक अपूर्ण हैं या धीमी गति से किये जा रहे हैं, उन्हें ठेकेदारों से बात कर पूर्ण करवाऐ तथा उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये।

**समीक्षा बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष का उद्भोदन**




धुले जिले में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित जानकारी आयोग को प्रदान की गई। आयोग द्वारा जिला प्रशासन को निम्न निर्देश एवं सुझाव दिए गए-

- जिले में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए।

- जिले के अधिकारीगण माह में एक  या 2 बार छात्रावासों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।
- महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के बजट के तहत जिले से गुजरने वाले राजमार्गों के दोनों किनारों पर नीम और करंजी के पौधे लगाये जाये।
- जिले के छात्रावासों की स्थिति को सुधारा जाये।
- शिरपुर तालुका के सांगवी में आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत कर बनाया जाये।
- जिले में अनेर नदी पर छोटे-छोटे बाँध बनाये जाये जिससे कि जनजातीय कृषकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।
- सर्किट हाउस में एक जनजाति व्यक्ति ने आयोग को अवगत कराया कि वह मजदूरी करने के लिए धूले से बाहर गया था। उसके अनुपस्थिति में उसकी जमीन पर बिना किसी पूर्व सूचना के समाज कल्याण विभाग द्वारा एक छात्रावास का निर्माण कर लिया गया। उसे मुआवजा भी प्रदान नहीं किया गया। आयोग द्वारा प्रशासन को इस सम्बन्ध में कार्यवाही करने के आदेश दिए।
- बैठक में कहा गया कि अनुसूचित जनजाति के युवाओं एवं बच्चों में खेल के प्रति विशिष्ठ प्रतिभा होती है।इस दृष्टिगत रखते हुए जिले में एक स्पोर्ट अकादमी खोलने के प्रयास प्रशासन द्वारा किये जाये।
- जिले में स्वरोजगार हेतु लोन प्राप्त करने के अनुसूचित जनजाति व्यक्तियों से प्राप्त कुल आवेदनों तथा उनमें स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों कि संख्या एवं अस्वीकार करने के कारण, इसकी पूरक जानकारी आयोग को भेजी जाये।
- जिले में जनजाति व्यक्ति की जमीन गैर-जनजाति व्यक्ति को हस्थान्तरण के कितने प्रकरण हैं, इसकी जानकारी आयोग को प्रदान की जाये।

## परिशिष्ठ- 'क': जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची

सत्यमेव जयते

Goverment Of India

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

**के माननीय अध्यक्ष श्री अंतरसिंह आर्य की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक**

**दिनांक: 10-11 सितम्बर, 2024 स्थान: कलेक्टर कार्यालय, जिला - धूले (महाराष्ट्र)**

**प्रतिभागियों की सूची**

| क्र. | अधिकारी का नाम | विभाग का नाम | मोबा. न. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अंतर सिंह आर्य | माननीय अध्यक्ष | | |
| 2 | श्री राजीव सक्सेना | नीज सचिव | 9425030161 | |
| 3 | श्री अंकित कुमार सेन | अनुसंधान अधिकारी | | |
| 4 | श्री गोवर्धन मुंडे | वरिष्ठ अन्वेषक | | |
| 5 | अमृत प्रजापति | सलाहकार | 7879133393 | |
| 6 | श्री. जितेंद्र पापळकर | जिल्हाधिकारी | | |
| 7 | श्री. विशाल नरवाडे | CEO | | |
| 8 | श्री. श्रीकांत धिवरे | S.P.P. | 9850745601 | |
| 9 | नीतीन कुमार सिंगा | DCF | 9024160222 | |
| 10 | नितिन गावंडे | RDC, Dhule | 9822400756 | |
| 11 | संदिप पाटील | उपजिल्हाधिकारी (प्रशासन) | 9604355021 | |
| 12 | श्री. प्रमोद पाटील | प्रकल्प अधिकारी, ITDP धुळे | 9767674764 | |
| 13 | रोहन कुवर | SDM धुळे | 8999952879 | |
| 14 | म. ज. सूर्यवंशी | सरकारी कामगार अधिकारी, धुळे | 9762911619 | |
| 15 | मनिष श. पवार | शिक्षणाधिकारी (माध्य.) जि.प. क. अ. नि. प. धुळे | 8698987222 | |
| 16 | मुकेश भा. ठाकूर | का.अ.बांध.जि.प.धुळे | 9970744809 | |

छठी मंजिल, लोकनायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली -110003

6th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi-110003

Tel.: 011-24623958 Fax : 011-24624628 Email : chairperson@ncst.nic.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | जयश्री दे. सार्वे | का. अ ग्रापापु जिप धुळे | 9579501881 | |
| 18 | बाळासाहेब बोटे | प्रकल्प संचालक DRDA | 9422704654 | |
| 19 | कैलास रत्नाराम शिरसाठ | जि. अ. कृ. अ. धुळे | 9020247900 | |
| 20 | B.S Aklade | Dy CEO (G), Dhule Z.P | 7588002460 | |
| 21 | P.G. Patil | Ex. Engr. DMPD | 7741066929 | |
| 22 | G.A. Jadhav | प्र जिल्हा महिला व बालविकास अधिकारी धुळे | 7588554100 | |
| 23 | S.C. Bagude | DRO Dhule | 9175379060 | |
| 24 | Shilpa Naik. | DAO Dhule. | 8766972937 | |
| 25 | Sitaram C. chaudhari | ADOZP Dhule | 9421160763 | |
| 26 | Santosh A. Desai | FDO- Bch-Dept | 7405085215 | |
| 27 | S.B. Sonavane | BDO. Sakri | 9158484638 | |
| 28 | S.T. Sonawane | BDO Shirpur | 9420107550 | |
| 29 | Pradip B. Pawar | Dy CEO (W.S.) Z.P. Dhule | 8655155999 | |
| 30 | Hemantrao B Bhadane | Woman & child Devl. Deptt. Z.P. Dhule | 7588813310 | |
| 31 | Ganesh More | Panchayat | 9970763975 | |
| 32 | Dr. BODKE. S.D | DHO DHULE | 9405236480 | |
| 33 | Dr Degaonkar D.N. | CS Dhule | 9421312949 | |
| 34 | R.N. Walcute | Asst. Commissioner Dhule | 9823131017 | |
| 35 | R.K. Sharma | LDM | 7798987305 | |
| 36 | Mahesh Shelar | District supply off. | 9763881810 | |
| 37 | Amita Dagade Patil | Commissioner Dhule MC | 9423333237 | |
| 38 | Surender chitte | Coll. of Dhule | 9423924881 | |

2

छठी मंजिल, लोकनायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली -110003

6th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi-110003

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | डॉ. के. टी. वाडिले | प्र. जिल्हा पशुसंवर्धन अधिकारी | 9422413849 | |
| 40 | डॉ. एल. डी. निकुम | जिल्हा पशुसंवर्धन अधिकारी | 9420256588 | |
| 41 | ममता मधुकर हटकर | जिल्हा नियोजन अधिकारी | 8149318780 | |
| 42 | साहेबराव सोनवणे | तहसिलदार साक्री | 9881854474 | |
| 43 | महेंद्र सोनवणे | [illegible] (प्राथ.) | 9403100465 | |
| 44 | इंजी. सागर रा. पवार | उप अभियंता, मजि प्रा, धुळे | 9922499888 | |
| 45 | सु. स. रणदिवे | अधिक्षक अभियंता धुळे [illegible] | 9921228881 | |
| 46 | र. सो. खोडे | मृद व जलसंधारण विभाग, धुळे | 9763775599 | |
| 47 | ए. सी. पाटील | जिल्हा जलसंधारण अधिकारी जलसंधारण विभाग जि.प. धुळे | 9921981813 | |
| 48 | जगन्नाथ वानखेडकर | जिल्हा व्यवस्थापक माविम धुळे | 9325151491 | |
| 49 | सुंदरसिंग वळवे | सहाय्यक [illegible] | 9404504058 | |
| 50 | महेंद्र माळी | तहसिलदार शिरपुर | 9422589533 | |
| 51 | हितेश न पाटील | शाखा व्यवस्थापक | 9423582209 | |
| 52 | एन. जी. वैरागडे | क.अ. महावितरण, धुळे | 7875766999 | |
| 53 | विलास मु. बोडके | जिल्हा माहिती अधिकारी | 9870934962 | |
| 54 | मनोज चौधरी | जिल्हा उपनिबंधक सहकार | 9423942085 | |
| 55 | शरद मंडलिक | उवि अ. शिरपूर | 9423255890 | |
| 56 | B.SARAVANAN | Asst. Collector (UT) | 8610080754 | |
| 57 | Anil Pawar | SE, PWD, Dhule | 9422288425 | |
| 58 | | | | |
| 59 | | | | |
| 60 | | | | |

3

छठी मंजिल, लोकनायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली -110003

6th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi-110003